Bharat Temples

इस जीवन की, डोर तेरे हाथ रे

जय हो जय हो, भोले बाबा, तोरे, चरणों में मन लागा,
भोले नाथ रे,,,
इस जीवन की, डोर तेरे हाथ रे ll

अल्ख निरंजन, भोले बम-बम, आशुतोष ब्रह्मचारी,
नाथों के हो, नाथ सदा-शिव, अभ्यंकर त्रिपुरारी ll
लागा, शँभू से अनुरागा, सारा, संकट पल में भागा,
भोले नाथ रे,,,
इस जीवन की, डोर तेरे हाथ रे l
जय हो जय हो, भोले बाबा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मनमौजी हो, शिव वरदानी, कण्ठ हला हलधारी,
अमर कथा के, स्वामी दाता, अम्बा के भरतारी ll
सच्चे, मन से जिसने साधा, लागे, भूत प्रेत न बाधा,
भोले नाथ रे,,,
इस जीवन की, डोर तेरे हाथ रे l
जय हो जय हो, भोले बाबा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

शेषनाग शिव, गले विराजे, चंद्र-शीश शोभा पाए,
चिलम चमी का, तुरही के संग, बाघम्बर मन भाए ll
औघड़दानी, शिव मतवाला, जिसने, भूतों को है पाला,
भोले नाथ रे,,,
इस जीवन की, डोर तेरे हाथ रे l

जय हो जय हो, भोले बाबा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

देवों के, सरताज हो भोले, महाँदेव कहलाते,
श्री श्याम, गोकुल में सारी, दुविधा दूर हटाते ll
जिसको, मिल गई शिव की छाया, उसकी, पावन हो गई काया,
भोले नाथ रे,,,
इस जीवन की, डोर तेरे हाथ रे l
जय हो जय हो, भोले बाबा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/is-jeewan-ki-dor-tere-hath-re/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw